=+1>*t31

Title :Need to expedite completion of Subarnarekha Irrigation Project in Ranchi Parliamentary Constituency, Jharkhand. - Laid.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रांची में बहुउद्देशीय स्वर्ण रेखा परियोजना चांडिल सरायकेला खरसवा पर कई वर्ो से धीमी गति से कार्य चल रहा है। इस परियोजना से बिजली का उत्पादन करना था, जिसके कारण इस परियोजना का लाभ उन लोगों को नहीं मिला है, जिनके लिए योजना बनायी गयी थी। जितनी केनाल बननी थी, नहीं बनी। किसानों को अभी तक सिंचाई की सुविधा नहीं मिली। बरसात के दिनों में अनेक गांव बाढ़ में डूब जाते हैं। फलस्वरूप अनेक लोग एवं मवेशी मारे जाते हैं तथा करोड़ों रूपए की फसल नट हो जाती है। विस्थापितों को नियमानुसार नौकरी एवं मुआवजा नहीं दिया गया है जबकि उनकी जमीन इस योजना के तहत अधिग्रहीत की गई है। उनके पास जीवन-यापन का साधन नहीं है। परियोजना में देरी होने के कारण इसकी लागत में दस गुणा से ज्यादा वृद्धि हुयी है एवं इसकी लागत समय के साथ बढ़ती ही जा रही है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बहुउद्देशीय स्वर्ण रेखा परियोजना के शीघ्र पूरा करने हेतु निर्देश दें और परियोजना के देरी के कारणों की समीक्षा करायी जाये।